17. सामान्य अशुद्धियाँ

अधिकांशत: शब्द या वाक्य पढ़ते या लिखते समय हम कई प्रकार की सामान्य अशुद्धियाँ करते हैं। ये अशुद्धियाँ भाषा के व्याकरण का भली-भाँति ज्ञान न होने के कारण होती हैं।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से कुछ शब्द या वाक्य लिखवाएँ तथा जाँचें।
- बताएँ, बच्चे बहुत से शब्दों में अशुद्धि करते हैं। उन्हें इस प्रकार की अशुद्धियों से परिचित कराएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दी वर्तनी की अशुद्धियों से परिचित करवाते हुए शुद्ध शब्द बताएँ।
- सभी बच्चों पर ध्यान दें कि वे शब्दों का उच्चारण ठीक कर रहे हैं।
- इसी प्रकार शुद्ध वाक्य भी पढ़वाएँ।
- मौखिक प्रश्नों के उत्तर बच्चों से पूछें।
- अभ्यास करवाकर जाँचें।